सार-समाचार

तीन उचित मूल्य दुकानदारों के लाइसेंस निलंबित

रामगंजमण्डी, (निसं)। प्रवर्तन अधिकारी रामगंजमंडी द्वारा 17 दिसम्बर बुधवार को किए गए निरीक्षण में गड़बड़ी सामने आई है। आकस्मिक जाँच में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर तीन उचित मूल्य दुकानदारों के प्राधिकार-पत्र (लाइसेंस) तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सेवा सहकारी समिति (जीएसएस), पीपाखेड़ी व्यवस्थापक द्वारा संचालित दुकान के भौतिक सत्यापन में रिकॉर्ड की तुलना में 1500 किग्रा (15 क्विंटल गेहूं कम पाया गया। मौके पर कांटे (वेइंग स्केल) खराब मिले और सूचना पट्ट नदारद था। इसी प्रकार मुन्ना खां, सातलखेड़ी इस राशन डीलर के यहाँ जाँच के दौरान 1200 किग्रा (12 क्विंटल) गेहूं का स्टॉक कम मिला एवं चेतन नामा, नगरपालिका रामगंजमंडी डीलर की दुकान निरीक्षण के समय बंद पाई गई। ऑनलाइन रिकॉर्ड (ईपीडीएस पोर्टल) के अनुसार डीलर के पास 198 क्विंटल (19897.76 किग्रा) गेहूं का भारी स्टॉक उपलब्ध था, इसके बावजूद लाभार्थियों को वितरण नहीं किया जा रहा था। प्रवर्तन अधिकारी द्वारा फोन करने पर भी उपस्थित नहीं हुआ। डीलर के खिलाफ वितरण नहीं करने की शिकायत आ रही थी। इससे जानबूझकर वितरण रोकने और गेहूं की कालाबाजारी की मंशा माना गया है। जिला रसद अधिकारी कुशाल बिलाला ने बताया कि तीनों मामलों में राजस्थान खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक पदार्थ (वितरण एवं विनियमन) आदेश, 1976 का उल्लंघन पाए जाने पर तीनों डीलरों के प्राधिकार-पत्र तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए गए हैं।

अन्नकूट एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन पोस्टर का विमोचन

कोटा, (निसं)। विप्र फाउंडेशन के तत्वाधान में 21 दिसंबर रविवार को मंगलेश्वरी गार्डन, रंगबाड़ी रोड, पर आयोजित होने वाले विशाल अन्नकूट एवं राष्ट्रीय स्तर के युवक-युवति परिचय सम्मेलन को भव्य बनाने के लिए महिलाओं के बाद अब अधिवक्ताओं ने आगे आते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का संकल्प लेते हुए अदालत परिसर में पोस्टर का विमोचन किया। विप्र फाउंडेशन के प्रदेश प्रवक्ता रमेश चंद्र गौतम ने बताया इस अवसर पर विप्र फाऊंडेशन के प्रदेश विधी अध्यक्ष एडवोकेट रघुनंदन गौतम, विप्र फाऊंडेशन शहर अध्यक्ष एडवोकेट प्रमोद शर्मा, संगठन महामंत्री एड.योगेंद्र मिश्रा, एड.अतुल शर्मा, एड.मंत्री कोशल शर्मा, प्रदेश विधी महामंत्री एड.पदम गौतम, एड. दीपक शर्मा, एड.नरेंद्र व्यास, एड.बनवारी गौतम, एड.अमोल श्रृंगी सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे। पोस्टर का विमोचन करते हुए अधिवक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा मूल लक्ष्य केवल वाद जीतने तक सीमित न रहकर सामाजिक गतिविधियों में भी अपनी अहम भूमिका निर्वहन करते हुए अपनी अहम भूमिका निभाएं और समाज में न्याय प्रणाली में विश्वास बढ़ाने की दिशा में काम करें। जिससे समाज व देश की सेवा की जा सके।

गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली में परेड के लिए चयनित हुए

कोटा, (निसं)। प्री.आर.डी कैंप में चयनित छात्रों की सूची जारी की गई जिसमें राजकीय कला महाविद्यालय कोटा के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक परमहंस सिंह राठौड़ को गणतंत्र दिवस समारोह, नई दिल्ली में परेड के लिए चयनित किया गय। इससे पूर्व चयन के प्रथम चरण में प्रत्येक इकाई से दो स्वयंसेवकों का नाम नामांकित किया गया था जिसमें चयनित होकर दो स्वयंसेवक राहुल मेघवाल और परमहंस सिंह राठौड़ चितकारा विश्वविद्यालय पंजाब में आयोजित नॉर्थ जोन सलेक्शन कैंप में भाग लेने गए। जहां विभिन्न प्रतियोगिताओं के आधार पर राजस्थान के 10 स्वयंसेवकों को चयनित किया गया जिसमें राजकीय कला महाविद्यालय कोटा के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक परमहंस सिंह राठौड़ का चयन हुआ। महाविद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य प्रोफेसर रोशन भारती ने परमहंस को अपनी उपलब्धि के लिए बधाई दी और माला पहनाकर शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की जिला समन्वयक डॉ.रीना कुमारी मीणा उपस्थित रही एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के चारों इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.कल्पना श्रृंगी गीताबाई मीणा उज़मा खानम उन्नति जानू उपस्थित रहे।

धोखाधड़ी का फरार आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। गुमानपुरा पुलिस टीम ने धोखाधड़ी के मामले में कार्यवाही करते हुए फरार चल रहे 5 हजार के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 25 जून 2024 को फरियादी ने गुमानपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट मे कहा कि ऋण आदि की समस्या से उबारने के लिये अंकित नाम के व्यक्ति ने उन्हे तंत्र-मंत्र के बारे में बताया और भागवत कथा सहित अन्य तरह से पूजा कराने के नाम पर धोखाधड़ी कर 26 लाख रूपये सहित सोने के आभूषण ले लिये और फरार हो गया। शहर एसपी ने कहा कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। शहर एसपी ने कहा कि पेडिंग मामलों के निस्तारण के लिये गुमानपुरा थानाधिकारी महेश कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे आरोपी अंकित की तलाश के लिये संभावित स्थानो पर दबिश दी। फरार आरोपी पर 5 हजार के ईनाम राशि घोषित की गई। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने तकनीकी आधार व मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए प्रेम नगर द्वितीय निवासी अंकित को डिटेन कर अनुसंधान के बाद प्रकरण में गिरफतार किया। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

स्वच्छता शपथ कार्यक्रम आयोजित

रामगंजमण्डी, (निसं)। नगरपालिका रामगंजमण्डी द्वारा राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 18 दिसम्बर गुरुवार को कपड़े के थैलों का वितरण एवं जन जागरूकता रैली व स्वच्छता शपथ सहित आदि कार्यक्रम आयोजित किया गया। अधिशाषी अधिकारी तरूण लहरी के निर्देशानुसार सिंगल युज प्लास्टिक के उत्पादों का परित्याग करना, घर पर सूखा और गीला कचरा प्रथक्करण हेतु आम-जन को जागरूक किया गया एवं इसका प्रचार-प्रसार हेतु पालिका क्षेत्र के यादव मौहल्ले, बस स्टैण्ड,सब्जीमंडी,बाजार नंबरा 3, पंजाबी गली व सरकारी कुआ चौराहे आदि स्थानों पर रैली निकाली गई और व्यापारियों से समझाईश की गई की पॉलिथीन का इस्तेमाल नही करें एवं कचरा प्रथक्करण को प्राथमिकता दें। साथ ही पालिका द्वारा कपड़े के 1050 बैग वितरित किये गये। कार्यवाही के दौरान सफाई प्रभारी हरिओम मेघवाल, एमआईएस इंजिनियर हेमन्त सिंह, जमादार योगेश घाटोड़, नवीन कुमार,सहायक कर्मचारी विष्णु कुमार व गोविन्द वर्मा सहित आदि मोजूद रहे।

मोड़क की प्रतिभाएं राज्य स्तर पर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी

रामगंजमण्डी, (निसं)। राजस्थान युवा बोर्ड द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय युवा महोत्सव में मोड़क क्षेत्र की प्रतिभाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे कोटा संभाग को गौरवान्वित किया है। लोक कला की विभिन्न विधाओं में मोड़क के युवा कलाकारों ने अपनी साधना, मेहनत और सांस्कृतिक समर्पण का प्रभावशाली परिचय दिया। एकल लोक गायन में मोहित मेहता, खड़ताल वादन में शीतल मेहता, भपंग वादन में मानसिंह मेहता तथा एकल लोक नृत्य में रितिका ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। संभाग स्तर पर चयनित ये प्रतिभाएं अब राज्य स्तर पर कोटा संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी लोक कला और सांस्कृतिक विरासत का जादू बिखेरेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश कृष्ण बिरला रहे। जिन्होंने विजेता प्रतिभाओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और युवाओं को अपनी संस्कृति से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया।

भरतनाट्यम की मनमोहक प्रस्तुति

कोटा, (निसं)। प्रगति टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज रीको रानपुर कोटा में स्पिक मैके के अंतर्गत शास्त्रीय नृत्य की सुमद्ध परम्परा को जीवन्त करते हुए प्रसिद्ध नृत्यांगना पद्मश्री रमा वैद्यनाथन द्वारा अत्यन्त प्रभावशाली एवं भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुति दी गई जिसमें ताल और अभिव्यक्ति का अद्वुत संगम देखने को मिला। स्किप मैके कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय शास्त्रीय संगीत, नृत्य कला और संस्कृति को बढ़ावा देना तथा विशेष रुप से युवा पीढ़ी के छात्रों को भारतीय विरासत के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराना और उनमें अपनी संस्कृति के प्रति जागरुकता और सम्मान बढ़ाना है। इस अवसर पर कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की सहायक प्राचार्य डॉ.सविता चौधरी द्वारा पधारे हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया गया।

अरावली पर कुठाराघात बर्दाश्त नहीं, महिला कांग्रेस का सरकार को अल्टीमेटम

कोटा, (निसं)। अरावली पर्वत माला को नुकसान पहुंचाने वाले सरकारी आदेशों के खिलाफ महिला कांग्रेस कोटा शहर के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष शालिनी गौतम के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को विरोधात्मक ज्ञापन सौंपते हुए अरावली पर्वत माला को तत्काल ''संरक्षित क्षेत्र'' घोषित करने की मांग की।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शालिनी गौतम ने कहा कि अरावली केवल पहाड़ों की श्रृंखला नहीं, बल्कि उत्तर भारत की जीवनरेखा है। अरावली का अस्तित्व ही पर्यावरणीय संतुलन, जल संरक्षण, जैव विविधत, जैव विविधता और करोड़ों लोगों के जीवन को संतुलन प्रदान करता है।

अरावली को कमजोर करने का अर्थ है आने वाली पीढ़ियों से उनका सुरक्षित भविष्य छीन लेना। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अरावली क्षेत्र से संबंधित जारी आदेश पर्यावरण विरोधी एवं जनविरोधी हैं।

ऐसे आदेशों के परिणामस्वरूप अवैध खनन को खुली छूट, वनों का विनाश, जल स्रोतों का समाप्त होना, प्रदूषण में भयावह वृद्धि और जलवायु असंतुलन जैसी गंभीर स्थितियाँ पैदा होंगी। महिला कांग्रेस ने स्पष्ट शब्दों में

कोटा महिला कांग्रेस ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

सरकार से मांग की कि अरावली पर्वत माला से जुड़े वर्तमान आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर स्थायी रूप से ''संरक्षित क्षेत्र'' घोषित कर कानूनी संरक्षण प्रदान किया जाए तथा पर्यावरण को नुकसान पहुँचाने वाले निर्णयों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

शालिनी गौतम ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने जनहित और पर्यावरण संरक्षण के इस अत्यंत गंभीर विषय पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो महिला कांग्रेस कोटा शहर मजबूर होकर सड़कों पर उतरकर जनआंदोलन शुरू करेगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। महिला कांग्रेस ने जिला प्रशासन से अपेक्षा जताई कि वह इस ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार तक तत्काल पहुँचाएगा और अरावली के संरक्षण हेतु ठोस एवं निर्णायक कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। ज्ञापन देने वालो में संगठन महामंत्री स्वाति अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष लाड़ कंवर गोचर, महासचिव एडवोकेट निकिता वर्मा, सचिव एडवोकेट पलक मेहरा, सह सचिव शबनम खान, दीपक योगी, रोहित प्रजापति, दीपक राणावत सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

नहर में मिला युवक का शव

कोटा, (निसं)। नहर में डुबे युवक का शव केशवरायपाटन क्षेत्र में मिला कोटा कुन्हाड़ी क्षेत्र के गिरधरपुरा इलाके में बायीं मुख्य नहर में गिरे युवक का शव घटना से दस किलोमीटर दूर केशवरायपाटन थाना क्षेत्र में मिला।

नगर निगम गोताखोर टीम ने मृतक के शव को नहर से बाहर निकालकर केशवरायपाटन पुलिस को सौंपा। जानकारी के अनुसार मामले में सामने आया कि 17 दिसम्बर को युवक नहर में पूजन सामग्री डालने के लिये गया था तब परिजनों ने युवक की तलाश की, तलाश के दौरान युवक की चप्पल व बाईक नहर के किनारे मिली।

नगर निगम के गोताखोर विष्णु श्रृंगी ने बताया कि पुलिस कंटोल रूम से सूचना मिली कि 17 दिसम्बर की सुबह एक युवक लापता हो गया है जो नहर के किनारे पूजा सामग्री बहाने आया था और उसकी बाईक चप्पल भी नहर के किनारे मिली है, जिससे आशंका है कि वह तेज बहाव में बह गया है। गौताखोर विष्णु श्रृंगी ने बताया कि सूचना पर गोतरखोर टीम को लेकर मौके पर पहुंचे, एसडीआरएफ टीम भी मौके पर पहुंची। निगम गौताखोर विष्णु श्रृंगी ने बताया कि इलाके में स्थित धन-धन सतगुरू आश्रम के 500 मीटर आगे जहां नहर के फाटक लगे हुए है एवं आगे दीवार टुटी हुई है, वहीं युवक की बाईक व चप्पल भी मिली।

संभावना है कि युवक वहीं से नहर मे बहा होगा, इसी पोइंट से युवक की तलाश की गई एवं घटना से करीब 10 किलोमीटर दूर केशवरायपाटन थाना क्षेत्र में युवक का शव मिला। गोताखोर टीम ने मृतक के शव को केशवरायपाटन पुलिस को सौंप दिया।

80 लाख रूपये के गबन व हेराफेरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। बोरखेड़ा पुलिस टीम ने महालक्ष्मीपुरम् सोसायटी फंड व बैंक खातों में जमा तकरीबन 80 लाख रूपये की राशि के गबन व हेराफेरी के दर्ज मामले में कार्यवाही करते हुए महालक्ष्मीपुरम् सोसायटी के अध्यक्ष सहित अन्य तीन पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 12 दिसम्बर को महालक्ष्मीपुरम निवासी परिवादिया जागति तलरेजा व अन्य निवासियो ने बोरखेड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में कहा कि महालक्ष्मीपुरम् बारां रोड पर स्थित एक रजिस्टर्ड संस्था है।

सोसायटी में 714 फ्लेट है। रिपोर्ट में कहा कि स्थानीय निवासियों के द्वारा दी गई एफडीआर की राशि से झालावाड़ रोड़ स्थित सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में 50 लाख की एफडी 2016 में हुई। उक्त सोसायटी के कार्यकारिणी ने एफडी पर ओडी लोन 20 मई 2025 को लिया, लोन की कुछ राशि कैश में एवं कुछ राशि एयु बैंक में स्थानान्तरित की गई।

रिपोर्ट में कहा कि सोसायटी का एक अन्य बैंक खाता बैंक ऑफ इंडिया डूंगरजा ब्रांच में संचालित है। फरियादिया व अन्य ने रिपोर्ट में सोसायटी के अध्यक्ष हिमांशु अरोड़ा, उपाध्यक्ष नरेश मोर्य, कोषाध्यक्ष यशपाल शर्मा सहित अन्य पर सोसायटी फंड व बैंक खातो में जमा राशि के गबन व हेराफेरी का आरोप लगाया। शहर एसपी ने कहा कि रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया।

शहर एसपी ने बताया कि सोसायटी राशि के गबन व 80 लाख की बड़ी राशि के घोटाले के मामले को देखते हुए पुलिस उप अधीक्षक रूद्रप्रकाश शर्मा के सुपरविजन में बोरखेड़ा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर के नेतृत्व में टीम गठित की गई। शहर एसपी ने कहा कि गठित टीम ने तकनीकी अनुसंधान व बैंक खातों की जांच कर कार्यवाही करते हुए अनुसंधान में आरोपी सही पाने पर महालक्ष्मीपुरम निवासी सोसायटी के अध्यक्ष हिमांशु अरोडा, उपाध्यक्ष नरेश मोर्य एवं कोषाध्यक्ष यशपाल शर्मा को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने पकड़े गये आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से सभी आरोपियों को चार दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया। आरोपियों से अनुसंधान जारी है।

संगीत शिक्षक मोहित मेहता व पूर्व छात्र तुषार शर्मा का स्वागत

रामगंजमण्डी, (निसं)। मंगलम विद्या विहार मोड़क के संगीत शिक्षक मोहित मेहता ने संभाग स्तरीय युवा महोत्सव में आयोजित संगीत प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंद शर्मा ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसी अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र तुषार शर्मा का भी विद्यालय में आत्मीय स्वागत किया गया।

मकान में आग लगी

छबड़ा (निसं)। माणकचौक गांव में शॉर्ट सर्किट से कवेलूपॉश मकान में आग लग गई। जिससे नगदी, खाद्य सामग्री सहित आवश्यक सामान जलकर खाक हो गए।

कोटा कोचिंग सेक्टर में स्टूडेंट घटे, अर्थव्यवस्था डगमगाई

कोटा, (निसं)। राजस्थान का कोटा मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए जाना जाता है। लाखों की संख्या में विद्यार्थी हर साल यहां कोचिंग के लिए आते थे लेकिन इन विद्यार्थियों की संख्या में लगातार गिरावट हो रही है।

अब यह संख्या हजारों में सिमट गई है। इसका सीधा असर कोटा की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। इसी मुद्दे पर चर्चा के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ कोचिंग संस्थानों और इससे जुड़े सभी हितधारकों की एक बैठक बुधवार को दिल्ली में हुई। इस बैठक में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी मौजूद रहे।

निजी कोचिंग संस्थान के निदेशक नवीन माहेश्वरी ने बताया कि दिल्ली में इस बैठक में कोचिंग संस्थानों के निदेशक, स्कूल व हॉस्टल संचालक और व्यापारी भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कोटा की अर्थव्यवस्था को पुन: पटरी पर लाने के लिए सभी ने विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने का संकल्प लिया है। इसके तहत कोटा में कोचिंग करने आने वाले विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए वैकल्पिक संसाधन और बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। यहां अच्छी, सस्ती, संस्कारयुक्त और सुरक्षित शिक्षा के साथ-साथ बेहतर आवास व्यवस्था भी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है।

विद्यार्थियों की समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस बैठक में यह भी तय किया गया कि कोटा के निवासियों के साथ-साथ यहां पढ़ा रहे शिक्षक, कोचिंग, हॉस्टल व मेस के कर्मचारी और सभी व्यापारी विद्यार्थियों की सेवा में जुटेंगे ताकि कोटा में विद्यार्थियों की संख्या पुन: बढ़ सके।

इस बैठक में एक अन्य कोचिंग संस्थान के निदेशक नितिन विजय ने कहा कि कोटा की प्रगति के लिए यह बैठक काफी महत्वपूर्ण रहने वाली है। कोटा के सभी कोचिंग कर्मचारियों से लेकर सभी हितधारकों और व्यापारियों को इसमें एकजुट होना होगा। कोटा को लेकर इस बैठक में सकारात्मक चर्चा हुई और सभी समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया।

हॉस्टल एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन मित्तल ने कहा कि हॉस्टल्स और विद्यार्थियों से जुड़ी समस्याओं को उन्होंने रखा। कोचिंग व हॉस्टल संचालकों के साथ-साथ कोटा शहर की जनता को भी मिल-जुलकर विद्यार्थियों की सेवा में जुट जाना चाहिए। सभी संस्थाओं ने एक-दूसरे की मदद का आश्वासन दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन कदमों के विद्यार्थियों की संख्या बढ़ेगी। बैठक में दीपक राजवंशी, स्कूल संचालक आनंद राठी, मां भारती ग्रुप के निदेशक महेश विजय, एलबीएस ग्रुप के निदेशक कुलदीप माथुर, हॉस्टल एसोसिएशन के सुनील अग्रवाल, विश्वनाथ शर्मा व सुनील कटारिया भी शामिल हुए।

खुद के घर का सपना सच होने कर झलकी खुशी

कोटा, (निसं)। किसी भी परिवार के लिए स्वयं का घर होने की खुशी सबसे ज्यादा होती है। यह खुशी गुरूवार को नगर निगम कार्यालय में जारी शहरी समस्या समाधान शिविर में भी दिखी जब प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को 50 हजार रूपए से एक लाख रूपए की राशि की किस्त जारी की गई। जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने लाभार्थियों को राशि स्वीकृति के पत्र सौंपे। इससे पूर्व जिला कलेक्टर पीयूष समारिया ने आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा के साथ शिविर का निरीक्षण किया।

उन्होंने प्रत्येक काउंटर पर जाकर वहां किए जा रहे कार्य की जानकारी ली। साथ ही शिविर में आए आमजन से फीडबैक भी प्राप्त किया। उन्होंने निर्देश दिए कि शिविर में आए प्रत्येक व्यक्ति को नियमों के दायरे में अधिकतम राहत देने का प्रयास किया जाऐं। इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी एवं उपायुक्त आराधना चौहान, अतिरिक्त आयुक्त हरबिन्दर कौर ढिल्लन, उपायुक्त जवाहर लाल जैन, भावना सिंह, दयावती सैनी भी उपस्थित रहीं।

सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ चलाया अभियान:- राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नगर निगम द्वारा गुरूवार को सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम के लिए जन जागरूकता महाभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर नगर निगम के प्रशासनिक भवन के स्वागत हॉल में ईकोफ्रेंडली उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई तथा शहरी समस्या समाधान शिविर में आए आमजन को कपड़े के थैले भी वितरित किए गए। जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज बेहद गंभीर विषय है। हमारा संकल्प होना चाहिए कि हम अधिक से अधिक प्राकृतिक उत्पादों का उपयोग करें तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करें। आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने बताया कि निगम क्षेत्र के सभी 15 सेक्टर्स में भी सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान आमजन को कपड़े के थैले भेंट किए गए।

अनन्तपुरा निवासी रामप्रसाद और शब्बीर मोहममद मजदूरी करके परिवार का गुजारा करते हैं। दोनों के कच्चे घर थे जिसमें जीवनयापन करना बेहद कठिन था। प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी मिलने पर उन्होंने आवेदन कर दिया।

महिला ने आत्महत्या की

कोटा, (निसं)। महावीर नगर थाना इलाके में एक विवाहिता ने घर में फांसी का फन्दा लगाकर सुसाईड कर लिया। मामले में सामने आया कि महिला लम्बे समय से बीमारी के चलते मानसिक रूप से परेशान थी। महावीर नगर थानाधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि महावीर नगर निवासी सलोनी गुप्ता ने घर में फांसी लगाकर सुसाईड कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि महिला मानसिक रूप से परेशान थी, परेशानी के चलते महिला ने यह कदम उठाया होगा।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम नीलम देवी राजगड़िया से बदलकर नया नाम नीलम राजगरिया रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-नीलम राजगरिया पत्नी दिलीप कुमार राजगरिया, ए-31 कृष्णा नगर बजरंग नगर पुलिस लाईन कोटा

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम DILIP KUMAR RAJGADIA से बदलकर नया नाम DILIP KUMAR RAJGARIA रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-दिलीप कुमार राजगड़िया पुत्र भीकमचन्द राजगड़िया, ए-31 कृष्णा नगर बजरंग नगर पुलिस लाईन कोटा

आम सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ओम प्रकाश गुप्ता पुत्र सुवालाल निवासी गुरु जी का चौक तलाव पड़ा बारां राजस्थान से एक दुकान 18x20 वर्ग जो स्टेशन रोड प्रताप चौक बारां पर स्थित है।
दुकान चौथ राम पुत्र पुनाराम जाति जाट निवासी भैरू नगर उटांबर जोधपुर जिला जोधपुर राजस्थान ने जरिय किराए नाम अनुबंध 500 के स्टांप पर दिनांक 11.09.2025 को किराए पर ली थी तथा दुकान का किराया 50000 प्रति महीने तय हुआ था जो प्रत्येक माह की 5 तारीख तक अदा करना था। इसके बाद चौथा राम की ओर महा अगस्त सितंबर अक्टूबर 2025 का किराया बकाया है इस प्रकार चौथाराम किराएदार की कुल और राशि 160000 बकाया हो गया है तथा तलब तकाजा करने पर दिनांक 20.10.2025 को बगैर किसी को सूचना दिए चौथाराम दुकान छोड़कर गायब हो गया।
इस हेतु चौथा राम को रजिस्टर्ड पते पर रजिस्टर्ड नोटिस हेतु दिनांक 7.11.2025 को प्रेषित किया जा चुका है। तथा आज दिनांक 18.12.2025 को जारी आम सूचना के जारी होने पर मेरे पक्ष का श्री ओमप्रकाश गुप्ता पुत्र सुवालाल अपने कब्जे में लेता है। तथा इसके बाद चौथा राम या अन्य किसी व्यक्ति का कोई जोखिम दुकान के संबंध में मेरे पक्षकार की ओर बकाया नहीं रहेगा। इस संबंध में यदि चौथ राम को आपत्ती वह 7 दिन में मेरे पक्षकार से संपर्क करें।
दिनांक : 18.12.2025
खलील खान गोरी एडवोकेट बारां

कार्यालय नगर निगम, कोटा

क्रमांक:-ननिको/भ.नि.अनु./जोन-तृतीय/2025/2191 दिनांक: 18.12.25

-: सार्वजनिक विज्ञप्ति :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती उषा शर्मा पत्नी श्री सत्यजीत शर्मा निवासी-164, बल्लभबाडी, गुमानपुरा कोटा राजस्थान द्वारा आवास/भूखण्ड 164, बल्लभबाडी, गुमानपुरा कोटा जिसका क्षेत्रफल 384.72 वर्गगज का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तानान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।
आवास/भूखण्ड 164, बल्लभवाडी, गुमानपुरा कोटा स्थित भूखण्ड का आवंटन कार्यालय मण्डी कमेटी चम्बल परियोजना, कोटा द्वारा दिनांक 20.06.1980 को श्री मोहनलाल शर्मा पुत्र श्री धन्नालाल जिसका कुल क्षेत्रफल 3462 वर्गफीट आंवटित किया गया। श्री मोहनलाल शर्मा पुत्र श्री धन्नालाल की मृत्यु दिनांक 03.03.1998 को हो चुकी है। मृत्यु उपरान्त उनके विधिक वारिसान द्वारा रजिस्टर्ड हक-त्याग पत्र दिनांक 18.04.2022 को श्रीमती शकुन्तला शर्मा पत्नी स्व. श्री मोहनलाल शर्मा के पक्ष में निष्पादित किया गया। श्रीमती शकुन्तला शर्मा की मृत्यु दिनांक 20.07.2025 को हो चुकी है। श्रीमती शकुन्तला शर्मा पत्नी स्व. श्री मोहनलाल शर्मा द्वारा रजिस्टर्ड वसीयत-नामा दिनांक 28.06.2024 को आवेदिका श्रीमती उषा शर्मा पत्नी श्री सत्यजीत शर्मा के पक्ष में निष्पादित किया गया।
आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार आवास/भूखण्ड 164, बल्लभवाडी, गुमानपुरा कोटा द्वारा कुल क्षेत्रफल 384.72 वर्गगज का नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त आवास /भूखण्ड 164, बल्लभबाडी, गुमानपुरा कोटा का नाम हस्तान्तरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य कोई जो उक्त भूखण्ड से सबंध रखता है, को कोई आपत्ती हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ती लिखित रूप से अधो-हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी। **उपायुक्त नगर निगम कोटा**

कार्यालय नगर परिषद बारां (राज.)

क्रमांक:-नपबा/राजस्व शाखा/2025/8565 **सार्वजनिक विज्ञप्ति** दिनांक 17.12.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री तोफिक अहमद पुत्र श्री मोहम्मद हुसैन निवासी बारां का आवेदन नाम हस्तान्तरण चाहने वास्ते प्राप्त हुआ है। जिसमें पट्टा विलेख क्रमांक 7430 दिनांक 11.08.2023 भूखण्ड संख्या 9.24 माप 1500 वर्गफीट योजना अमन कॉलोनी बारां का श्री मोहम्मद हुर्सन पुत्र श्री आमीर मोहम्मद के नाम जारी किया गया था। तत्पश्चात पट्टाधारक द्वारा जर्ये नोटेरी सुधा वसीयतनामा दिनांक 15.09.2021 से उक्त भूखण्ड को श्री तोफिक अहमद पुत्र श्री मोहम्मद हुसैन के नाम मुख्तार कर दिया। इसी आधार पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री तोफिक अहमद पुत्र श्री मोहम्मद हुसैन के नाम किया जाना है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में अन्य किसी को आपत्ति हो तो अन्तर 7 दिवस में आपत्ति मय दस्तावेजों के साथ कार्यालय हजा में प्रस्तुत करें। बाद अवधि गुजर जाने पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

कार्यालय नगर परिषद बारां (राज.)

क्रमांक:-नपबा/तामीर शाखा/2025/8613 **सार्वजनिक विज्ञप्ति** दिनांक 18.12.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विनोद कुमार गर्ग पुत्र श्री कान्ता प्रसाद गर्ग, व श्रीमति उमा गर्ग पत्नी श्री विनोद कुमार गर्ग एवं श्री अखिल गर्ग पुत्र श्री विनोद कुमार गर्ग निवासी बारां का आवेदन पुर्नगठन चाहने वास्ते प्राप्त हुआ है। जिसमें पट्टा विलेख संख्या 1423 दिनांक 05.07.2010 भूखण्ड संख्या 06 माप 2310 वर्गफीट, योजना निखिल अपार्टमेन्ट का श्री गिरिराज शर्मा पुत्र श्री मगनलाल शर्मा निवासी बारां के नाम जारी किया। तत्पश्चात पट्टाधरक द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 23.05.2024 से उक्त भूखण्ड को श्री बाबूलाल किराड़ पुत्र श्री किशनलाल किराड़ को बेचान कर दिया गया, जिसमें कार्यालय नगर परिषद बारां द्वारा श्री बाबूलाल किराड़ पुत्र श्री किशनलाल किराड़ के नाम नामान्तरण क्रमांक 88512 दिनांक 30.07.2024 से नाम हस्तान्तरण प्रमाण पत्र जारी कर दिया। एवं श्री बाबूलाल किराड़ पुत्र श्री किशनलाल किराड़ द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 21.10.2024 से उक्त भूखण्ड को श्री अखिल गर्ग पुत्र श्री विनोद कुमार गर्ग को बेचान कर दि